PAPER-III
PUBLIC ADMINISTRATION

Signature and Name of Invigilator

1. (Signature) ___________________________
   (Name) ______________________________
2. (Signature) ___________________________
   (Name) ______________________________

Roll No. | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No.___________________________________

(In words)

D 1 4 1 0

Time : **2 $^1/_2$** hours] [Maximum Marks : **200**

Number of Pages in this Booklet : **32** Number of Questions in this Booklet : **19**

Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. Answer to short answer/essay type questions are to be given in the space provided below each question or after the questions in the Test Booklet itself.

   No Additional Sheets are to be used.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
4. Read instructions given inside carefully.
5. One page is attached for Rough Work at the end of the booklet before the Evaluation Sheet.
6. If you write your name or put any mark on any part of the Answer Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
7. You have to return the test booklet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
8. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
9. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. लघु प्रश्न तथा निबंध प्रकार के प्रश्नों के उत्तर, प्रत्येक प्रश्न के नीचे या प्रश्नों के बाद में दिये हुए रिक्त स्थान पर ही लिखिये ।

   इसके लिए कोई अतिरिक्त कागज का उपयोग नहीं करना है ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।
4. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
5. उत्तर-पुस्तिका के अन्त में कच्चा काम (Rough Work) करने के लिए मूल्यांकन शीट से पहले एक पृष्ठ दिया हुआ है ।
6. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे ।
7. आपको परीक्षा समाप्त होने पर उत्तर-पुस्तिका निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और इसे परीक्षा समाप्ति के बाद अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें ।
8. केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।
9. किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।

PUBLIC ADMINISTRATION

लोक प्रशासन

PAPER – III

प्रश्नपत्र – III

Note : This paper is of **two hundred (200)** marks containing **four (4)** sections. Candidates are required to attempt the questions contained in these sections according to the detailed instructions given therein.

नोट : यह प्रश्नपत्र **दो सौ (200)** अंकों का है एवं इसमें **चार (4)** खंड हैं । अभ्यर्थियों को इनमें समाहित प्रश्नों के उत्तर अलग दिये गये विस्तृत निर्देशों के अनुसार देना है ।

SECTION – I

खण्ड – I

Note : This section consists of **two** essay type questions of **twenty (20)** marks each, to be answered in about **five hundred (500)** words each. **($2 \times 20 = 40$ marks)**

नोट : इस खंड में **बीस-बीस** अंकों के **दो** निबन्धात्मक प्रश्न हैं । प्रत्येक का उत्तर लगभग **पाँच सौ** (500) शब्दों में अपेक्षित है । **($2 \times 20 = 40$ अंक)**

1. Memorandum of understanding acts as a link between a central public undertaking and concerned administrative ministry for improved performance. Comment.
समझौता ज्ञापन केन्द्रीय लोक उपक्रम तथा सम्बन्धित प्रशासनिक मन्त्रालय के मध्य उन्नत निष्पति हेतु एक कड़ी का काम करता है । टिप्पणी कीजिए ।

OR / अथवा

73rd Constitutional Amendment Act has transformed the representative democracy into participatory democracy at the grass-roots. Comment.
73वें संविधान संशोधन अधिनियम ने तृणमूल स्तर पर प्रतिनिधि लोकतन्त्र को सहभागी लोकतन्त्र में रूपान्तरित कर दिया है । टिप्पणी कीजिए ।

2. Passing of the Right of Children to Free and Compulsory Education (RTE) Act, 2009, is a landmark decision for millions of children of the country. Comment.
बच्चों को नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा अधिकार अधिनियम, 2009 का पारण देश के लाखों बच्चों के लिए एक महत्त्वपूर्ण निर्णय है । टिप्पणी कीजिए ।

OR / अथवा

We do not need more government. We need better government. To be more precise, we need better governance. Comment.
हमें अधिक सरकार नहीं चाहिए । हमें बेहतर सरकार चाहिए । यदि संक्षेप में कहें तो हमें बेहतर शासन चाहिए । टिप्पणी कीजिए ।

SECTION – II
खण्ड – II

Note : This section contains **three (3)** questions from each of the electives/specializations. The candidate has to choose only one elective/specialization and answer all the three questions from it. Each question carries **fifteen (15)** marks and is to be answered in about **three hundred (300)** words. **(3 × 15 = 45 marks)**

नोट : इस खंड में प्रत्येक ऐच्छिक इकाई / विशेषज्ञता से **तीन** (3) प्रश्न हैं । अभ्यर्थी को केवल एक ऐच्छिक इकाई / विशेषज्ञता को चुनकर उसी के तीनों प्रश्नों का उत्तर देना है । प्रत्येक प्रश्न **पन्द्रह** (15) अंकों का है व उसका उत्तर लगभग **तीन सौ** (300) शब्दों में अपेक्षित है । **(3 × 15 = 45 अंक)**

Elective – I
ऐच्छिक – I

3. "Policy Science is broadly concerned with improved methods, knowledge and systems – Comment.
नीति विज्ञान व्यापक रूप से उन्नत प्रणालियों, ज्ञान व व्यवस्था से सम्बद्ध है । टिप्पणी लिखिए ।

4. "Bureaucrats are the mainspring for policy making" – Comment.
नीति निर्माण हेतु नौकरशाह मुख्य प्रेरणास्रोत होते हैं । टिप्पणी कीजिए ।

5. Discuss the problems of public policy making with reference to India.
भारत के सन्दर्भ में लोकनीति निर्माण की समस्याओं का विवेचन कीजिए ।

OR / अथवा

Elective – II
ऐच्छिक – II

3. Critically analyse the role of voluntary organisations and explain how voluntary organisations contribute towards social development.
स्वैच्छिक अभिकरणों की भूमिका का आलोचनात्मक विश्लेषण करते हुए बताइये कि स्वैच्छिक अभिकरण सामाजिक विकास के लिए कैसे योगदान करते हैं ?

4. Identify the factors that hinder the growth of Social Welfare Administration.
सामाजिक कल्याण प्रशासन के विकास में अवरोधक कारकों को रेखांकित कीजिए ।

5. Discuss the reforms in education sector in India after Independence.
भारत में स्वतंत्रता के पश्चात् शिक्षाक्षेत्र में सुधारों का विवेचन कीजिए ।

OR / अथवा

Elective – III
ऐच्छिक – III

3. Discuss the role of Public Sector Undertakings in developing the economy of India.
भारत की अर्थ व्यवस्था के विकास में लोक उद्यमों की भूमिका का विवेचन कीजिए ।

4. Discuss the problems of accountability of Public Enterprises in India.
भारत में लोक उपक्रमों के उत्तरदायित्व की समस्याओं का विवेचन कीजिए ।

5. Analyse the reasons for the low performance of Public Sector Undertakings in India.
भारत में लोक उद्यमों की निम्न निष्पति के कारणों की विवेचना कीजिए ।

OR / अथवा

Elective – IV
ऐच्छिक – IV

3. "Local Government is still the neglected area of governance." Comment.
"स्थानीय सरकार अभी भी शासन का एक उपेक्षित क्षेत्र है ।" टिप्पणी कीजिए ।

4. Analyse the impact of 74th Constitutional Amendment Act on the working of Urban Local bodies in India.
भारत में नगरीय स्थानीय निकायों पर 74वें संविधान संशोधन अधिनियम के प्रभावों का विश्लेषण कीजिए ।

5. Bring out the efficacy of State control over Panchayati Raj in India.
भारत में पंचायती राज पर राज्य के नियंत्रण की प्रभावशीलता को इंगित कीजिए ।

OR / अथवा

Elective – V
ऐच्छिक – V

3. What are the determinants of Rural Development ? Explain.
ग्रामीण विकास के निर्धारक क्या हैं ? स्पष्ट कीजिए ।

4. "Providing clean environment and efficient transport system are the two major challenges faced by the Urban Development Authorities." Comment.
"स्वच्छ पर्यावरण एवं कुशल यातायात प्रणाली उपलब्ध कराना नगरीय विकास प्राधिकरणों के समक्ष दो मुख्य चुनौतियाँ हैं ।" टिप्पणी कीजिए ।

5. "National Capital Region requires Master Plan for its sustainable development" Elucidate.
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र को अपने संपोषित विकास के लिए मास्टर प्लान की आवश्यकता है । व्याख्या कीजिए ।

SECTION – III

खण्ड – III

Note : This section contains **nine (9)** questions of **ten (10)** marks, each to be answered in about **fifty (50)** words. **(9 × 10 = 90 marks)**

नोट : इस खंड में **दस-दस** (10-10) अंकों के **नौ** (9) प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **पचास** (50) शब्दों में अपेक्षित है । **(9 × 10 = 90 अंक)**

6. ‘New Public Management is the revival of Post-Taylorism.’ Comment.
‘नव लोक प्रबन्धन उत्तर-टेलरवाद का पुनर्जीवन है ।’ टिप्पणी कीजिए ।

7. Examine the contribution of F.W. Taylor to Management Theory.
प्रबन्ध सिद्धान्त के क्षेत्र में एफ.डब्ल्यू. टेलर के योगदान का परीक्षण कीजिए ।

8. How does Comparative Public Administration differ from Traditional Administration ? Explain.
तुलनात्मक लोक प्रशासन परम्परागत प्रशासन से कैसे भिन्न है ? समझाइये ।

9. Examine the problems of administration in developing countries.
विकासशील देशों की प्रशासनिक कठिनाइयों का परीक्षण कीजिए ।

10. ‘Civil Service is a professional body of officials, permanent, paid and skilled. (H. Finer). Explain.
‘लोक सेवा स्थायी, वेतनभोगी एवं दक्ष लोगों की व्यावसायिक संस्था है ।’ (एच. फाईनर) समझाइए ।

11. Distinguish between Ministry and Department.
मंत्रालय और विभाग में भेद कीजिए ।

12. Bring out the objectives of social science research.
समाज विज्ञान शोध के उद्देश्यों का विवरण दीजिए ।

13. 'Local bodies are still starving for funds.' Comment.
स्थानीय संस्थाएँ अभी भी निधियों के लिए तरस रही हैं । टिप्पणी कीजिए ।

14. Explain the role of voluntary agencies in the process of development of social justice in India.
भारत में सामाजिक न्याय के विकास की प्रक्रिया में स्वैच्छिक संस्थाओं की भूमिका स्पष्ट कीजिए ।

SECTION – IV
खण्ड – IV

Note : This section contains **five (5)** questions of **five (5)** marks each based on the following passage. Each question should be answered in about **thirty (30)** words.

(5 × 5 = 25 marks)

नोट : इस खण्ड में निम्नलिखित परिच्छेद पर आधारित **पाँच** (5) प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **तीस** (30) शब्दों में अपेक्षित है । प्रत्येक प्रश्न **पाँच** (5) अंकों का है । **(5 × 5 = 25 अंक)**

Read the passage below, and answer the questions that follow based on your understanding of the passage :

The main concern of policy sciences is with the understanding and improvement of macro-control systems – and especially public policymaking systems. In addition to overall improvement-oriented study of such systems, the main foci of policy sciences include, for example, (a) policy analysis, which provides heuristic methods for identification of preferable policy alternatives; (b) alternative innovation, which deals with the invention of new designs and possibilities to be considered in policymaking; (c) master policies (or megapolicies), which provide postures, assumptions, strategies, and main guidelines to be followed by specific policies; (d) evaluation and feedback, including, for instance, social indicators, social experimentation, and organizational learning; and (e) improvement of metapolicy, that is, "policy on policymaking," through redesign and novadesign of the public policymaking system, its organizational components, selection and training of its personnel, and reconstruction of its communication and information network. While the main test of policy sciences is better achievement of considered goals through more effective and efficient policies, policy sciences as such is in the main not directly concerned with the substantive contents of discrete policy problems (which should be dealt with by the relevant normal sciences), but rather with improved methods, knowledge and systems for better policymaking.

The traditional boundaries between disciplines and especially between the various behavioural sciences and decision disciplines, must be broken down. Policy sciences must integrate knowledge from a variety of branches of knowledge and build it up into a supradiscipline focusing on public policymaking. In particular, policy sciences is based upon a fusion between behavioural sciences and analytical decision approaches. But it also absorbs many elements from decision theory, general systems theory, organization theory, operations research, strategic analysis, systems engineering, and similar modern areas of study. Physical and life sciences are also relied upon, insofar as they are relevant.

निम्न परिच्छेद को पढ़िए तथा आगे दिए गए प्रश्नों के उत्तर इस परिच्छेद की अपनी जानकारी के आधार पर दीजिए :

नीति विज्ञानों का मुख्य विषय वृहद नियंत्रण व्यवस्थाओं और विशेषत: नीति-निर्माण व्यवस्थाओं को समझना और उनमें सुधार करना है । ऐसी व्यवस्थाओं का समग्र सुधारोन्मुखी अध्ययन करने के साथ-साथ नीति-विज्ञानों के मुख्य बिन्दु निम्नलिखित हैं यथा (a) नीति विश्लेषण, जिसके अंतर्गत मुख्य रूप से नीति संबंधी विकल्पों की पहचान हेतु व्याख्या

(Heuristic) पद्धतियों को समझना होता है, (b) वैकल्पिक नयापन, जिसके अंतर्गत नये प्रारूपों तथा संभावनाओं के आविष्कार दर्शाए जाते हैं, (c) प्रमुख नीतियाँ (Mega Policies), जिसके अंतर्गत विशिष्ट नीतियों द्वारा दिशा – निर्देशों तथा संरचना, समझ तथा रणनीतियों को प्रदर्शित किया जाता है, (d) मूल्यांकन तथा प्रत्युत्तरों को प्रदर्शित किया जाता है, जिसके अंतर्गत सामाजिक संकेतक, सामाजिक परीक्षण और संगठनात्मक शिक्षण आते हैं और (e) परानीति (metapolicy) का सुधार अर्थात् नीति-निर्माण व्यवस्था, इसके संगठनात्मक घटक, इसके कार्मिकों का चयन और प्रशिक्षण और इसके संप्रेषण और सूचना तंत्र की पुन:रचना का पुन:प्रारूप और नव-प्रारूप के माध्यम से तैयार की जाने वाली "नीति निर्माण की नीति" आती है । यद्यपि नीति विज्ञानों का मुख्य परीक्षण अधिक प्रभावी और दक्ष नीतियों के माध्यम से सुविचारित लक्ष्यों की बेहतर उपलब्धि है तथापि इस रूप में नीति विज्ञान का मुख्यत: ऐसी पृथक नीतिगत समस्याओं (जिन पर संगत सामान्य विज्ञानों के अंतर्गत विचार किया जाता है) की महत्त्वपूर्ण विषय-वस्तु से सीधा संबंध नहीं होता है, लेकिन बेहतर नीति-निर्माण के लिए इसका संबंध उन्नत पद्धतियों, ज्ञान और व्यवस्था से होता है । व्यावहारिक विज्ञानों तथा निर्णयन विषयों के बीच परंपरागत सीमाओं को ध्वस्त कर देना चाहिए । नीति विज्ञानों को ज्ञान एकीकृत करने तथा इसकी विभिन्न शाखाओं को जोड़ते हुए एक ऐसे महाविषय (Supra-Discipline) पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, जो नीति निर्माण को सर्वोच्चता प्रदान करे । विशेषत: नीति विज्ञानों का आधार व्यावहारिक विज्ञानों तथा विश्लेषणात्मक नीति उपागमों का संयोजन होना चाहिए । लेकिन इसे निर्णयन सिद्धांतों, सामान्य व्यवस्था उपागम, संगठन सिद्धांत, प्रचालन अनुसंधान, रणनीतिक विश्लेषण, व्यवस्था अभियोजिकी तथा इसी प्रकार के अन्य आधुनिक अध्ययन क्षेत्रों के तत्त्वों को नीति विज्ञान में ग्रहण कर लेना चाहिए । जहाँ तक प्रासंगिक हो भौतिक तथा जीव विज्ञानों पर भी विश्वास प्रकट किया जाना चाहिए ।

15. What do you understand by 'Supra-Discipline' ?
'महाविषय' से आप क्या समझते हैं ?

16. Enumerate the steps of policy process.
नीति प्रक्रिया के चरणों की परिगणना कीजिए ।

17. Define general systems theory.
सामान्य व्यवस्था उपागम को परिभाषित कीजिए ।

18. What is the utility of policy on policy making in respect to formulation of a mega policy ?
महानीति के निर्माण के क्रम में 'नीति निर्माण पर नीति' की क्या उपयोगिता है ?

19. What do you understand by ‘heuristic’ in the process of Decision Making and Policy Analysis ?
निर्णयन एवं नीति विश्लेषण में ‘व्याख्या’ से आप क्या समझते हैं ?

Space For Rough Work

FOR OFFICE USE ONLY	
Marks Obtained	
Question Number	Marks Obtained
1	
2	
3	
4	
5	
6	
7	
8	
9	
10	
11	
12	
13	
14	
15	
16	
17	
18	
19	

Total Marks Obtained (in words) ....

(in figures) ....

Signature & Name of the Coordinator ....

(Evaluation) Date ....